भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2642**

14 दिसम्बर, 2021 को उत्तर देने के लिए

## मेगा फूड पार्क

**2642. डॉ. उमेश जी. जाधव:**
**श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:**
**श्री बी. वाई. राघवेन्द्र:**
**श्री प्रताप सिम्हा:**
**श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** पिछले तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक सहित देश में स्थापित मेगा फूड पार्कों का ब्यौरा क्या है;

**(ख)** क्या सरकार देश के प्रत्येक जिले में मेगा फूड पार्क स्थापित करने पर विचार कर रही है;

**(ग)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर कर्नाटक में पार्क-वार कितनी प्रगति हुई है;

**(घ)** सरकार द्वारा कर्नाटक में कितने मेगा फूड पार्क स्थापित किए जाने का विचार है; और

**(ड़)** सरकार द्वारा ऐसे फूड पार्कों के माध्यम से पारंपरिक और स्थानीय रूप से लोकप्रिय खाद्य पदार्थों सहित खाद्य पदार्थों के बेहतर विपणन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

**(क) से (घ)**: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय देश में खाद्य प्रसंस्करण के लिए आधुनिक अवसंरचना तैयार करने के लिए मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपीएस) कार्यान्वित कर रहा है। मंत्रालय स्वयं मेगा फूड पार्क स्थापित नहीं करता है। मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिए योजना के तहत समय-समय पर अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। इन परियोजनाओं के लिए उपयुक्त प्रस्तावों का चयन योजना दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

अब तक मंत्रालय ने 39 मेगा फूड परियोजनाओं को अंतिम अनुमोदन दिया है और कर्नाटक राज्य में 2 परियोजनाओं सहित 2 मेगा फूड पार्कों को सैद्धांतिक अनुमोदन दिया है। वर्तमान में कर्नाटक राज्य में मेगा फूड पार्क की स्थापना के लिए मंत्रालय के पास कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। कर्नाटक राज्य में दो परियोजनाओं सहित मंत्रालय द्वारा अनुमोदित मेगा फूड पार्क परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ङ)**: मंत्रालय मेगा फूड पार्क योजना के तहत पारंपरिक और स्थानीय लोकप्रिय खाद्य पदार्थों सहित खाद्य पदार्थों के विपणन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करता है। यह योजना पारंपरिक और स्थानीय रूप से लोकप्रिय खाद्य पदार्थों सहित खाद्य पदार्थों के लिए आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करती है जो क्लस्टर दृष्टिकोण पर आधारित है जो खाद्य उत्पादों के लिए बेहतर विपणन अवसर प्रदान करता है।

*****

**अनुबंध**

**मेगा फूड पार्कों के संबंध में दिनांक 14.12.2021 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2642 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**<u>मंत्रालय द्वारा अनुमोदित मेगा फूड पार्क परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण</u>**

-

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एसपीवी/आईए का नाम | अंतिम/ सैद्धांतिक अनुमोदन की तिथि | परियोजना लागत (करोड़ रुपए में) | अनुमोदित अनुदान राशि (करोड़ रुपए में) | जारी अनुदान राशि (करोड़ रुपए में) | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश (3 परियोजनाएं) | श्रीणी फूड पार्क प्रा. लि. चित्तुर | 30.03.2009 | 121.1 | 50 | 49.92 | प्रचालनरत |
| 2. | | गोदावरी मेगा एक्वा फूड पार्क प्रा. लि. पश्चिमी गोदावरी | 16.12.2013 | 122.6 | 50 | 44.53 | प्रचालनरत |
| 3. | | आंध्र प्रदेश औद्योगिक अवसरंचना निगम (एपीआईआईसी), कृष्णा | 31.12.2015 | 112.94 | 50 | 32.69 | कार्यान्वयनाधीन |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश (1 परियोजना) | रौंगोगे मेगा फूड पार्क, प्रा. लि., पपुम्पारे | 12.09.2019 | 73.02 | 43.25 | 12.02 | कार्यान्वयनाधीन |
| 5. | असम (1 परियोजना) | नार्थ ईस्ट मेगा फूड पार्क, नेलवाड़ी | 30.03.2009 | 84.96 | 48.84 | 48.84 | प्रचालनरत |
| 6. | बिहार (2 परियोजनाएं) | प्रिस्टिन मेगा फूड पार्क प्रा. लि., खगड़िया | 06.08.2014 | 120.13 | 41.9 | 34.81 | कार्यान्वयनाधीन |
| 7. | | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बिआडा), मुज्जफरपुर | 31.03.2021 | - | - | - | सैद्धांतिक स्वीकृति |
| 8. | छत्तीसगढ़ (1 परियोजना) | इंडस बेस्ट मेगा फूड पार्क लि., रायपुर | 04.06.2014 | 96.58 | 43.96 | 39.56 | प्रचालनरत |
| 9. | गुजरात (2 परियोजनाएं) | गुजरात एग्रो इन्फ्रास्टक्चर मेगा फूड पार्क प्रा. लि., सूरत | 22.05.2014 | 121.86 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 10. | | फणीधर मेगा फूड पार्क प्रा. लि., मेहसाणा | 16.08.2017 | 151.05 | 50 | 37.67 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11. | हरियाणा (2 परियोजनाएं) | हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम लि. (एचएचआईआईडीसी), सोनीपत | 06.11.2015 | 155.58 | 44.94 | 33.86 | कार्यान्वयनाधीन |
| 12. | | हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ लि. (एचएएफईडी), रोहतक | 21.02.2018 | 179.75 | 50 | 27.70 | कार्यान्वयनाधीन |
| 13. | हिमाचल प्रदेश (1 परियोजना) | क्रिमिका फूड पार्क प्रा. लि., उना | 06.08.2014 | 107.34 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 14. | जम्मू एवं कश्मीर (1 परियोजना) | आरएफके ग्रीन्स फूड पार्क प्रा.लि., पुलवामा | 19.02.2014 | 79.43 | 50 | 29.09 | कार्यान्वयनाधीन |
| 15. | कर्नाटक (2 परियोजनाएं) | इंटिग्रेटेड फूड पार्क प्रा. लि., तुमकुर | 29.03.2011 | 144.33 | 50 | 48.72 | प्रचालनरत |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16. | | फेवरीच इन्फ्रा प्रा. लि., मांड्या | 19.12.2017 | 113.83 | 50 | 28.57 | कार्यान्वयनाधीन |
| 17. | केरल (2 परियोजनाएं) | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लि. (केएसआईडीसी), अल्लापुजा | 27.11.2015 | 129.15 | 50 | 37.8 | कार्यान्वयनाधीन |
| 18. | | केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम (किन्फ्रा), पल्लकड़ | 27.11.2015 | 105.39 | 50.00 | 37.72 | प्रचालनरत |
| 19. | मध्य प्रदेश (2 परियोजनाएं) | इंडस मेगा फूड पार्क प्रा.लि., खरगौन | 27.08.2012 | 131.28 | 50 | 49.37 | प्रचालनरत |
| 20. | | अवंती मेगा फूड पार्क प्रा.लि., डेवास | 31.12.2015 | 144.12 | 50 | 40 | प्रचालनरत |
| 21. | महाराष्ट्र (3 परियोजनाएं ) | पैथन मेगा फूड पार्क प्रा. लि., औरंगाबाद | 08.03.2013 | 124.52 | 48.82 | 42.96 | प्रचालनरत |
| 22. | | सतारा मेगा फूड पार्क प्रा. लि., सतारा | 06.08.2014 | 139.33 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 23. | | वर्धा मेगा फूड पार्क प्रा.लि., वर्धा | 13.01.2016 | 92.36 | 50 | 15 | कार्यान्वयनाधीन |
| 24. | मणिपुर (1 परियोजना) | मणिपुर खाद्य उद्योग निगम लि., काक्चीन, मणिपुर | 29.01.2020 | 81.83 | 43.254 | 7.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| 25. | मेघालय (1 परियोजना) | मेघालय औद्योगिक विकास निगम लि. (एमआईडीसी), उतरी गारो हिल्स | 23.11.2021 | 65.86 | 47.42 | - | कार्यान्वयनाधीन |
| 26. | मिजोरम (1 परियोजना) | जोरम मेगा फूड पार्क प्रा. लि., कोलासिब | 10.06.2015 | 75.2 | 50 | 44.24 | प्रचालनरत |
| 27. | नागालैंड (1 परियोजना) | डोयस एग्री रिसोर्सेज प्रा. लि., दिमापुर, नागालैंड | 16.08.2017 | 71.79 | 50 | 29.78 | कार्यान्वयनाधीन |
| 28. | ओडिशा (2 परियोजनाएं) | ओडिशा औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (आईडीसीओ), खुर्दा | 06.11.2015 | 121.95 | 50 | 37.8 | कार्यान्वयनाधीन |
| 29. | | एमआईटीएस मेगा फूड पार्क प्रा. लि., रायगढ़ | 16.04.2012 | 87.88 | 45.94 | 44.95 | प्रचालनरत |
| 30. | पंजाब (3 परियोजनाएं) | इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क, लि. फज्लिका, पंजाब | 25.05.2011 | 130.38 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 31. | | पंजाब कृषि उद्योग निगम लि. (पीएआईसी) लुधियाना | 27.11.2015 | 117.61 | 50 | 37.62 | कार्यान्वयनाधीन |
| 32. | | सुखजीत मेगा फूड पार्क और अवसंरचना लि., कपुरथला | 06.11.2015 | 107.83 | 48.7 | 38.76 | प्रचालनरत |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33. | राजस्थान (2 परियोजनाएं) | ग्रीनटेक मेगा फूड पार्क प्रा. लि., अजमेर | 19.02.2014 | 119.82 | 49.88 | 44.9 | प्रचालनरत |
| 34. | | श्रीराम मेगा फूड पार्क प्रा. लि., बीकानेर | 31.03.2021 | - | - | - | □□□□□□□□□□□ □□□□□□□□□ |
| 35. | तमिलनाडु (1 परियोजना) | तमिलनाडु राज्य कृषि विपणन बोर्ड, तिरुनवल्ली | 23.06.2021 | 77.024 | 23.63 | - | कार्यान्वयनाधीन |
| 36. | तेलंगाना (2 परियोजनाएं ) | स्मार्ट एग्रो फूड पार्क प्रा. लि., निजामाबाद | 10.06.2015 | 108.95 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| 37. | | तेलंगाना राज्य औद्योगिक अवसंरचना निगम लि., खम्म (टीएसआईआईसी) | 05.02.2016 | 108.83 | 40.71 | 28.49 | कार्यान्वयनाधीन |
| 38. | त्रिपुरा (1 परियोजना) | सिकरिया मेगा फूड पार्क प्रा. लि., पश्चिमी त्रिपुरा | 30.11.2011 | 77.79 | 48.39 | 45 | प्रचालनरत |
| 39. | उत्तराखंड (2 परियोजनाएं) | पतंजली फूड और हर्बल पार्क प्रा. लि., हरिद्वार | 30.03.2009 | 95.08 | 50 | 50 | प्रचालनरत |
| 40. | | हिमालयन फूड पार्क प्रा. लि., उधमसिंह नगर | 23.01.2014 | 98.08 | 48.12 | 43.31 | प्रचालनरत |
| 41. | पश्चिम बंगाल (1 परियोजना) | जंगीपुर मेगा फूड पार्क लि., मुर्शिदाबाद | 16.03.2010 | 132.7 | 50 | 45 | प्रचालनरत |
| | **कुल** | | | **4329.25** | **1867.75** | **1413.17** | |